### उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र

1507. श्री नागेश्वर द्विवेदी : क्या प्रधान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र के लिये पटेल आयोग के अन्तर्गत जौनपुर जिले को मद-वार कितनी राशि मंजूर की गई और अ। तक कितनी राशि दी गई है ; और

(ख) क्या जौनपुर के लिये मंजूर की गई राशि का कुछ भाग आजमगढ़ को दिया गया है और यदि हां, तो कितना ?

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के आधार पर, उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के विकास कार्यक्रमों पर 1964–65 से 1966–67 तक के परिव्ययों तथा व्यय को दर्शाते हुए एक विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या LT–181/68]

(ख) राज्य सरकार ने सूचित किया है कि जौनपुर जिले के लिए निर्धारित परि-व्यय मे से कोई भी धनराशि आजमगढ़ जिले को नहीं दी गई।

### परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के बारे में सन्धि

1508. श्री ओ० प्र० त्यागी : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के बारे में वर्तमान संधि के अनुसार परमाणु विज्ञान की जानकारी किन–किन देशों तक सीमित करने का विचार है ; और

(ख) भारत को अणुबम बनाने की क्षमता रखने वाले देशों की सूची में सम्मिलित न करने के क्या कारण हैं जब कि भारतीय वैज्ञानिक अणु बम तैयार कर सकते हैं और उसका विस्फोट कर सकते हैं।

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख). अट्ठारह राष्ट्रों की निरस्त्रीकरण समिति मे अमरीका और सोवियत संघ ने 18 जनवरी 1968 को एटमी हथियारों का विस्तार न करने की संधि का जो संशोधित मसौदा प्रस्तुत किया था, उसमे संधि के पक्षधर गैर-एटमी हथियार वाले राज्यों को मना किया गया है कि वे एटमी हथियारों का विकास न करें अथवा उन्हें प्राप्त न करें अथवा शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए भी एटमी विस्फोटक अस्त्र ग्रहण न करें। इस प्रकार का प्रतिबन्ध संधि के पक्षधर एटमी हथियार वाले राज्यों पर लागू नहीं होता। लेकिन संधि के पक्षधर सभी राज्यों को उपर्युक्त प्रतिबन्ध के अधीन रहते हुए, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए एटमी शक्ति का विकास अनुसंधान, उत्पादन और उपयोग करने का अधिकार होगा। संधि के मसौदे के अनुसार, एटमी हथियार वाला राज्य वह है जिसने 1 जनवरी 1967 से पूर्व एटमी हथियार बना लिया हो और उसका या अन्य एटमी विस्फोटक अस्त्र का विस्फोट कर लिया हो। इस कोटि में अमरीका, सोवियत संघ यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और चीन लोक गणराज्य आते हैं।

### Thumba Rocket Launching Base

1509. SHRI D. C. SHARMA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Thumba Rocket Launching Base has been opened for International use for space research;

(b) if so, the countries who have asked for the use of the base;

(c) whether China has criticised the opening of the base for international use in its broadcasts; and